प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 17.06.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना रूरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही से 01 नफर अभियुक्त को किया, गया गिरफ्तार।**
- **नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में थाना रूरा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित था, अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में महिला सम्बन्धी घटनाओं की रोकथाम हेतु व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रूरा पर दिनांक 16.06.2024 को वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 213/2024 धारा 376/313/452/506 भा0द0वि0 व 5(J)(2)/6 पॉक्सो एक्ट बनाम 04 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376(3) भा0द0वि0 व 4(2) पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे नामजद अभियुक्त यशू उर्फ ईशू पुत्र रमेश निवासी ग्राम तिगाई थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 17.06.2024 को थाना रूरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर पेट्रोल पम्प के आगे तिगाई मोड थाना रूरा जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शेष अन्य अभियुक्तगण के विरुद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

यशू उर्फ ईशू पुत्र रमेश निवासी ग्राम तिगाई थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरापुलिस टीम-

1. निरीक्षक अपराध श्री सुरजीत सिंह पाल थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।
2. का0 413 पुष्पेन्द्र कुमार थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।